RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 19 सितम्बर 2022 | वर्ष 04 | अंक 134 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## महाराष्ट्र ATS ने झारखंड के इनामी माओवादी को पकड़ा




**मुंबई :** झारखंड के 15 लाख रुपये के इनामी माओवादी को महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ते (ATS) ने रविवार को पालघर जिले से पकड़ लिया। एटीएस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, झारखंड पुलिस की वेबसाइट पर दीपक यादव उर्फ कारु हुलास यादव का नाम ''सबसे वांछित नक्सलियों की सूची में लिखा है। एटीएस (ATS) अधिकारी ने बताया कि झारखंड में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की क्षेत्रीय समिति का सदस्य यादव (45) इलाज कराने के लिए महाराष्ट्र आया था। उन्होंने बताया कि एटीएस ने तड़के एक अभियान के तहत मुंबई से करीब 50 किलोमीटर दूर पालघर जिले के नालासोपारा इलाके में एक चॉल पर छापा मारा और उसे पकड़ लिया। अधिकारी ने कहा कि एटीएस उससे पूछताछ कर रही है।

उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र एटीएस की ठाणे इकाई को यादव के बारे में खुफिया सूचना मिली थी जिसके बाद छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि झारखंड के हजारीबाग के रहने वाले यादव के बाएं पैर में एक घाव था तथा वह पिछले दो महीने से इलाज के लिए नालासोपारा में था। उन्होंने कहा कि वह 2004 से भाकपा (माओवादी) की गतिविधियों में सक्रिय था। अधिकारी ने कहा कि झारखंड पुलिस को इसके बारे में सूचना दे दी गई है और झारखंड से पुलिस का एक दल आज शाम मुंबई पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि यादव को स्थानीय अदालत में पेश करने के बाद झारखंड पुलिस को सौंपा जाएगा।

## मुंबई की झोपड़पट्टी में छापे जा रहे जाली नोट !

**मानखुर्द से 7 लाख से ज्यादा की करेंसी जब्त...!**

**मुंबई :** मुंबई के झोपड़पट्टी में जाली नोट छापे जा रहे थे.मानखुर्द इलाके में पुलिस को एक घर में जाली नोट छापे जाने की सूचना मिली थी. एक स्लम के मकान में 50 ,100 और 200 रुपये के नकली नोट बनाए जा रहे थे.पुलिस ने मकान में रेड की तो नोट छापने के लिए इस्तेमाल में लाए जाने वाले सामान बरामद हुए. यहां मारी गई रेड में कुल 7 लाख 16 हजार 150 रुपये के नकली नोट बरामद किए गए हैं.इस मामले में आरोपी रोहित शाह को गिरफ्तार किया गया है. इस मामले



में मुंबई की मानखुर्द पुलिस ने जिस शख्स को गिरफ्तार किया है, उसकी उम्र 22 साल है. वह एक निजी कंपनी में सेल्समैन का काम करता है. लेकिन यह काम तो लोगों को दिखाने और बताने के लिए है. असल में वो चुपचाप जाली नोटों को छापने और उसे मार्केट में चलाने का धंधा कर रहा था. आरोपी रोहित मनोज शाह मुंबई के कांदिवली इलाके का रहने वाला है. उसने मानखुर्द में नकली नोटों की छपाई का सेट अप तैयार कर रखा था. आरोपी को नकली नोटों के धंधे से जुड़े आईपीसी की सेक्शंस के तहत गिरफ्तार किया गया है.

### 200, 100, 50 के नोटों की शुरू थी छपाई, रेड पड़ी तो बात सामने आई

पुलिस ने इस मामले में जानकारी देते हुए कहा है कि उन्हें मानखुर्द के स्लम एरिया के एक मकान में 100,200 और 50 रुपए के नकली नोट छापे जाने की सूचना मिली थी.सूचना मिलने के बाद मुंबई की मानखुर्द पुलिस फौरन हरकत में आई और संबंधित मकान में छापेमारी की तो सात लाख रुपए से ज्यादा के नकली नोटों का जखीरा बरामद हुआ.

पुलिस ने छापेमारी कर नोटों का बड़ा जखीरा बरामद कर लिया है. इस छापेमारी के बाद पुलिस को 7 लाख 16 हजार 150 रुपए की फेक करेंसी हासिल हुई.

## मुंबई में फिल्म सिटी के अंदर मृत मिला तेंदुआ




**मुंबई :** मुंबई के फिल्म सिटी में रविवार सुबह एक तेंदुआ मृत पाया गया। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शव पर चोट का कोई निशान नहीं है और उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। अधिकारी ने बताया कि वन नियंत्रण कक्ष को सुबह करीब साढ़े दस बजे फोन आया कि उपनगरीय गोरेगांव स्थित फिल्म सिटी में नर तेंदुआ मृत पड़ा है। संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान, जो कई तेंदुओं का घर है, पास में ही स्थित है। अधिकारी ने कहा कि वन विभाग की एक टीम ने मौके पर जाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा, जिससे उन्हें तेंदुए की मौत के सही कारण का पता लगाने में मदद मिलेगी।

## फेसबुक पर दोस्ती, शादी का वादा और फिर... तस्वीरें अपलोड करने की धमकी !

**मुंबई :** मुंबई में एक महिला के साथ फेसबुक पर दोस्ती, फिर शादी का वादा करके ठगी का मामला सामने आया है. महिला ने आरोप लगाता हुए कहा कि फेसबुक पर उसकी दोस्ती फिरोज सैय्यद से हुई थी. धीरे-धीरे मामला शादी तक पहुंच गया. लेकिन इससे पहले कि शादी होती फिरोज ने कुछ परेशानियों में फंसे होने का हवाला देकर टाल दिया. महिला ने कहा कि उसके बुरे समय में मदद के लिए 1.7 लाख रुपये भेजे थे. वहीं अब सामने आया कि फिरोज ने किसी और से शादी कर ली है. वहीं मुंबई की साकीनाका पुलिस ने महिला की शिकायत के बाद गुरुवार को बिहार के फिरोज सैय्यद के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है. महिला ने

### शादी का वादा करके ठगी

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके बाद महिला शादी के बंधन में बंधने के लिए तैयार हो गई. 2020 में फिरोज सैय्यद ने उसे बताया कि उसकी मां और भाई का निधन हो गया है. वहीं उसने यह भी कहा कि उसका व्यवसाय कोविड के कारण नुकसान में चला गया है. इसकी जानकारी होने पर महिला ने उसकी मदद करने के लिए 2020 और 2021 के बीच, किश्तों में 1.7 लाख रुपये ट्रांसफर किए.




आरोप लगाया है कि फिरोज ने निजी तस्वीरें ऑनलाइन अपलोड करने की भी धमकी दी थी.

**फेसबुक टाइमलाइन देखकर हुआ शक**

महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि उसने दिसंबर 2021 में सैयद की फेसबुक टाइमलाइन पर बधाई संदेश देखे और उसे पता चला कि उसने शादी कर ली है. जब उसने सैय्यद से इसके बारे में पूछा, तो उसने दावा किया कि उसका सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर लिया गया था और वह अभी भी कुंवारा था. महिला ने कहा कि जब उसने उससे अपने पैसे वापस करने के लिए कहा, तो उसने मना कर दिया और उसकी निजी तस्वीरें ऑनलाइन अपलोड करने की धमकी दी.

### निजी फर्म में कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव...!

दरअसल साल 2016 में, पीड़ित महिला एक निजी फर्म के साथ कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव के रूप में कार्यरत थी. इस दौरान रेत के कारोबारी फिरोज सैय्यद से उसकी फेसबुक पर दोस्ती हुई. 2019 में सैयद ने अपने दोस्त के जरिए मैसेज किया कि वह उससे शादी करना चाहता है, लेकिन उसने मना कर दिया. इस पर सैयद ने वीडियो कॉल करके अपनी कलाई काटने का दावा किया. वहीं एक बार नींद की गोलियां खा लीं और अस्पताल में भर्ती हो गया.

## संपादकीय / लेख



# समरकंद में भारत...!

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

उज्बेकिस्तान की राजधानी समरकंद में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन के अनेक क्षेत्रीय और वैश्विक निहितार्थ हैं। आने वाले दिनों में इस सम्मेलन की गूंज वैश्विक कूटनीति में महसूस हो सकती है। एक ही सम्मेलन में हमलावर रूस, साम्राज्यवादी चीन, अडिग ईरान, विशाल उभरते भारत और दर-दर मदद मांगते पाकिस्तान की मौजूदगी पर बहुत से देशों की नजर होगी। विशेष रूप से अमेरिका और नाटो के देशों की इस पर पैनी निगाह होगी। दूसरी ओर, एक हद तक अलग-थलग पडे. पुतिन इन दिनों विश्व स्तर पर मंच खोज रहे हैं, जो उन्हें शंघाई सहयोग संगठन से बेहतर कहीं और नहीं मिल सकता। वह अवश्य दर्शाना चाहेंगे कि चीन और भारत जैसे विशालकाय देश उनके साथ खड़े हैं। लगभग 18 देशों के इस सहयोग संगठन को अपने खेलों का आयोजन करने की सलाह देकर पुतिन ने यह बताने की कोशिश की है कि इस संगठन का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। क्या आर्थिक सहयोग से आगे बढ़कर ये देश सोचने लगे हैं? क्या इन देशों में आर्थिक सहयोग को लेकर कोई शिकायत नहीं रही? सच यह कि किसी भी अन्य प्रकार के सहयोग को विस्तार देने से पहले इस संगठन के देशों को ईमानदारी से आर्थिक सहयोग को मजबूत बनाना चाहिए।

बहरहाल, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया है कि एससीओ के सदस्य देश वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देते हैं और विश्व की 40 प्रतिशत आबादी इन देशों में निवास करती है। भारत एससीओ सदस्यों के बीच अधिक सहयोग और आपसी विश्वास का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री ने इन देशों के बीच बेहतर आपूर्ति श्रृंखला बनाने की यथोचित पैरवी की है। हालांकि, यह काम बहुत कठिन है। पाकिस्तान जहां हमें सामरिक रूप से तनाव दे रहा है, वहीं चीन के निशाने पर हमारी समग्र अर्थव्यवस्था भी है। यही कारण है कि चीन नीति के तहत भारत को आत्मनिर्भर बनने से रोकना चाहता है। चीन पहले से दुनिया का मैन्युफेक्चरिंग हब है और भारत अब उभरने की घोषणा कर रहा है। भारत का बाजार एससीओ के देशों में फैले, तो भारत को लाभ है। पर सच्चाई यह है कि दर-दर मदद मांग रहा पाकिस्तान भी भारत के प्रति अनुकूल रवैया रखने के लिए तैयार नहीं है। फिर सवाल यहीं आकर अटक जाता है कि भारत ऐसे संगठन से दिलोजान से कितना जुड़े, जिसके कुछ सदस्य देश आतंकवाद के प्रत्यक्ष या परोक्ष पक्षधर हैं? गौर कीजिए, चीन या पाकिस्तान के शासनाध्यक्षों के साथ प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात नहीं हुई है। प्रधानमंत्री ने इन दोनों देशों के नेताओं से दूरी बरतते हुए अपना साफ संदेश दे दिया है। बंदूकें और बातचीत एक साथ कैसे चले? भारत यदि चीन को आतंकवाद का दर्द दे रहा होता, तो चीन के नेता क्या करते? अतः हैरत की बात नहीं कि समरकंद में मंच पर मोदी और जिनपिंग अगल-बगल ही खड़े दिखे, पर दोनों ने हाथ तक नहीं मिलाए और न मुस्कराए। यह दूरी तो चीन को ही दूर करनी पड़ेगी। क्या रूस इसके लिए चीन को मनाएगा और चीन आगे बढ़कर पाकिस्तान को सही राह दिखाएगा? वैसे विश्व राजनय में ऐसी भावुक उम्मीदों का स्थान नहीं होता, ज्यादातर देश या कारगर संगठन आर्थिक स्वार्थ से ही संचालित होते हैं। भलाई इसी में है कि भारत भी अपने आर्थिक हित को सबसे ऊपर रखे और आतंकवाद पर अपनी नाखुशी का इजहार करते हुए दबाव बनाए रहे।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मराठवाड़ा क्षेत्र पर सीएम शिंदे की नजर, कई विकास परियोजनाओं का किया वादा



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाओं पर जोर देगी और इन कार्यों की समय-समय पर समीक्षा भी की जाएगी। शिंदे औरंगाबाद शहर में हैदराबाद मुक्ति दिवस (मराठवाड़ा मुक्ति संग्राम दिवस) वर्षगांठ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। यहां उन्होंने कई विकास परियोजनाओं के वादे किए। बता दें कि भारतीय सेना द्वारा हैदराबाद को भारतीय संघ में विलय करने के लिए निजाम को हराने के बाद मराठवाड़ा मुक्ति संग्राम दिवस भारत के साथ मराठवाड़ा के एकीकरण की वर्षगांठ का प्रतीक है। एकनाथ शिंदे ने कहा कि सरकार मराठवाड़ा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य कर रही है और इन कार्यों की समय-समय पर वॉर रूम से समीक्षा की जाएगी। हम एलोरा में घृष्णेश्वर मंदिर में विकास कार्य करेंगे। सरकार एक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना, औरंगाबाद में पैठन गार्डन और संग्रहालय के नवीनीकरण, जालना और औरंगाबाद में पानी की पाइपलाइन योजनाओं के कार्यान्वयन पर भी काम करेंगे।

सीएम शिंदे ने कहा कि सूखे की स्थिति से उत्पन्न होने वाली क्षेत्र की समस्याओं को कम करने के लिए समुद्र में जाने वाले पानी को मराठवाड़ा की ओर मोड़ने के लिए एक परियोजना शुरू की गई है। वहीं जब पत्रकारों ने पूछा कि क्या राज्य में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन पर रोक लगा दी गई है। इसपर शिंदे ने कहा कि राज्य में उद्योगों को भूखंडों के आवंटन पर रोक के बारे में फिलहाल ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि अभी हम समीक्षा कर रहे हैं।

# देश के कई हिस्सों में आफत की बारिश जारी!



मानसून सिस्टम के कमजोर पड़ने और मानसून ट्रफ के भी हिमालय की तरफ खिसकने की वजह से मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अगले कुछ दिनों तक बारिश होने की संभावना कम है. 21 और 22 सितंबर को भी मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश होने की संभावना है. मध्य महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों में आज बारिश की आशंका है. छत्तीसगढ़ में 21 सितंबर तक, पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ में 20 और 21 सितंबर को बारिश होगी. मौसम विभाग ने झारखंड में 20 सितंबर को भारी बारिश का पूवार्नुमान लगाया है.

# झांसे में लेकर ढोंगी तांत्रिक ने सास-बहू के साथ किया रेप...!



**जयपुर :** भूत-प्रेत का डर दिखाकर सास-बहू के साथ रेप का मामला सामने आया है. तांत्रिक ने बीमारी को भूत प्रेत बताकर सास बहू को झांसे में लिया और ठीक करने के नाम पर बिना कपड़ों के तांत्रिक क्रिया में बैठाया और रेप की वारदात को अंजाम दिया. सनसनीखेज घटना भांकरोटा थाना इलाके की है. आरोप है कि ज्वेलर परिवार की सास-बहू से पूजा पाठ के नाम पर करीब 20 लाख रुपए भी तांत्रिक ने ठग लिए. रविवार को पीड़ित महिलाओं ने भांकरोटा थाने में तांत्रिक के खिलाफ रेप का मामला दर्ज करवाया है.

भांकरोटा थाना अधिकारी रविंद्र प्रताप ने रिपोर्ट दर्ज होने की पुष्टि की है. उन्होंने कहा कि तांत्रिक ने 50 वर्षीय सास को बीमारी के नाम पर बिना कपड़े पूजा करने की विधि बताई और फिर रेप कर अश्लील वीडियो बना लिया. इसके बाद तांत्रिक ने बहू को भी शिकार बना लिया. बहू को भी बिना कपड़े के पूजा करने की विधि बताई. बहू के साथ भी रेप कर तांत्रिक ने अश्लील वीडियो बना लिया. तांत्रिक अश्लील वीडियो वायरल और उल्टा सीधा तंत्र विद्या करने की धमकी देकर चार वर्षों तक रेप करता रहा. भांकरोटा थाना पुलिस ने तांत्रिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी. थानाधिकारी रविंद्र प्रताप ने बताया कि आरोपी तांत्रिक ने पूजा पाठ करने के नाम पर करीब 20 लाख रुपए नगद लिए थे. इसके अलावा लाखों के जेवरात लेने के बाद तांत्रिक फरार हो गया. पुलिस के मुताबिक सास और बहू दवाई लेने के लिए मेडिकल स्टोर पर जाती रहती थी. एक दिन मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने गई महिला को तांत्रिक मिला और ज्वेलर परिवार को बोला कि सब ठीक कर देंगे.

# जो पार्टी छोड़ गए वो ठग, मैं शिवसेना का 'असली' प्रमुख हूं... उद्धव

**मुंबईः** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शविसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर जोरदार हमला बोला। उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि वह उस 'असली' शिवसेना के प्रमुख हैं, जिसकी स्थापना चार पीढ़ियों के सामाजिक कार्यों से हुई है। यहां शिवसेना भवन में पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि शिवसेना को 'छीना या खरीदा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि जो शिवसेना छोड़ गए वो ठग हैं। उद्धव ठाकरे ने जोर देकर कहा कि शिवसेना की दशहरा रैली शिवाजी पार्क में ही होगी। उन्होंने शविसैनकिों को दशहरा रैली में भीड़ जुटाने के आदेश दिए।



उद्धव ठाकरे ने कहा कि पहले भी फूट डालकर और दलबदल के जरिए शिवसेना को कमजोर करने के प्रयास कए गए थे, जो विफल रहे थे और ये प्रयास अब भी सफल नहीं होंगे। शिवसेना प्रवक्ता और लोकसभा सदस्य विनायक राउत ने बताया कि ठाकरे ने पार्टी पदाधिकारियों से जमीनी स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय करने और पार्टी संगठन को मजबूत करने पर ध्यान देने को कहा। ठाकरे ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि शिवसेना की वार्षिक दशहरा रैली मुंबई के शिवाजी पार्क में पारंपरिक स्थान पर ही होगी और उनसे इस आयोजन के लिए तैयार रहने को कहा। रैली की तैयारियों के तहत ठाकरे 21 सितंबर को शिवसेना के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। रैली के लिए ठाकरे और शिंदे के नेतृत्व वाले गुटों की ओर से दायर आवेदन मुंबई नगर निकाय के पास मंजूरी के लिए लंबित हैं।

# मंत्री बनने के दो महीने बाद भी पालक मंत्री नहीं मिले - धनंजय मुंडे

**मुंबई :** 'ईडी' सरकार के मंत्री नाराज हैं इसलिए वे अपना कार्यभार नहीं संभाल रहे हैं। यह सनसनीखेज खुलासा किया है राकांपा नेता धनंजय मुंडे ने। वेदांता-फॉक्सकॉन प्रोजेक्ट के गुजरात जाने की खबर के बाद महाराष्ट्र में सियासी माहौल गर्मा गया है। विपक्षी दल शिंदे-फडणवीस सरकार पर जमकर हमला कर रहे हैं। इस मुद्दे पर राकांपा आक्रामक हो गई है और उसने महाराष्ट्र में कई जगहों पर विरोध-प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही राकांपा नेता धनंजय मुंडे ने नई सरकार में असंतोष को लेकर बड़ा बयान दिया है। धनंजय मुंडे ने कहा कि २० जून को कुछ विधायक महाराष्ट्र विधान परिषद के लिए मतदान कर सूरत गए थे। उसके बाद कुछ और विधायक फिर सूरत चले गए। वहां से उन्होंने गुवाहाटी, गोवा और मुंबई की यात्रा की। २७ दिनों के बाद महाराष्ट्र को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री मिला। दोनों के कई दिनों तक सरकार चलाने के ४२ दिन बाद मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। लेकिन महाराष्ट्र को अभी तक कोई पालक मंत्री नहीं मिला है।





# सिद्धि विनायक परिसर का होगा काया पलट

## २५ करोड़ लागत से बदलेगी परिसर की रूप रेखा

**मुंबई :** प्रभादेवी स्थित सिद्धि विनायक मंदिर आम लोगों से लेकर खास लोगों के आस्था का केंद्र है। यहां नेता से लेकर अभिनेता तक मन्नत मांगने आते हैं। मंगलवार के दिन बड़ी संख्या में लोग दूर दूर से पैदल चलकर गणपति बप्पा का दर्शन करने आते है। मनपा और राज्य सरकार सिद्धि विनायक के आसपास के परिसर में सुविधा उपलब्ध कराने का निणर्य लिया है। जिससे यहां दर्शन करने आनेवाले भक्तों को कोई परेशानी न हो इतना ही नहीं सिद्धिविनायक मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकास किया जायेगा। जिसमे प्रभादेवी से माहिम तक कि एरिया शामिल किया गया है। मनपा एमएमआरडीए के संयुक्त प्रयास से



इस पर करीब 25 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें रोड डेवलपमेंट, बैठने की व्यवस्था, नरदुल्ला टैंक मैदान में मेट्रो से जमीन वापस लेकर आधुनिक गार्डन बनाना शामिल है। बीएमसी जी नॉर्थ वार्ड के असिस्टेंट कमिश्नर प्रशांत सपकाले ने बताया कि काका साहेब गाडगिल मार्ग, वीर सावरकर मार्ग, तुलसी पाइप रोड और माहिम स्टेशन से लेकर दादर फूल मार्केट तक फुटपाथ का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सिद्धिविनायक मंदिर से शिवाजी पार्क होते हुए माहिम तक रोड का ब्यूटिफिकेशन किया जाएगा।

सपकाले ने बताया कि सिद्धि विनायक मंदिर परिसर में सुविधा और सौंदर्यीकरण के संबंध में पिछले दिनों बैठक हुई। जिसमें स्थानीय विधायक सदा सरवनकर, एमएमआरडीए अधिकारी और बीएमसी अधिकारी शामिल थे। सभी को अलग- अलग जिम्मेदारी दी गई है। बीएमसी मंदिर परिसर और एरिया का विकास करेगी। जिससे मंदिर आनेवालों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि सिद्धिविनायक के दर्शन करने दूर-दूर से लोग आते हैं। कई अभिनेता और अभिनेत्री जुहू और बांद्रा से पैदल आए हैं। कई श्रद्धालु भी पैदल आते हैं। नेताओं, मंत्रियों का अक्सर आना- जाना लगा रहता है। इसलिए बीएमसी ने मंदिर के आसपास बेहतर रोड बनाने की योजना बनाई है। काका साहेब गाडगिल मार्ग, वीर सावरकर मार्ग, तुलसी पाइप रोड को बेहतर बनाया जाएगा। यहां जगह- जगह श्रद्धालुओं को बैठने के लिए बेंच बनाई जाएगी, फाउंटेन बनाए जाएंगे।

# बांद्रा में फायरिंग मामले में आंशिक रूप से दिव्यांग गिरफ्तार

**मुंबई :** बांद्रा में फायरिंग मामले में निर्मल नगर पुलिस ने एक आंशिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पब्लिक में पिटाई के कारण शर्मिंदगी महसूस कर रहे दिव्यांग ने अपमान का बदला लेने के लिए गोली बारी की उक्त वारदात को अंजाम दिया था। बता दें कि बांद्रा -पूर्व स्थित नवपाड़ा इलाके में रहने वाले शमशेर सैयद (बदला हुआ नाम) की किसी ने पीछे से गोली मार कर हत्या करने की कोशिश की थी। 8 सितंबर की रात घटी इस घटना में गंभीर रूप से घायल शमशेर को इलाज के लिए बांद्रा-पश्चिम स्थित लीलावती अस्पताल में भर्ती कराने के बाद निर्मल नगर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। प्रत्यक्षदर्शियों एवं घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से पुलिस ने हमलावर की शिनाख्त



की कोशिश शुरू की। जोन-८ के डीसीपी डॉ. डी.स्वामी व खेरवाड़ी विभाग के एसीपी कैलाश आव्हाड के मार्गदर्शन तथा निर्मल नगर पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्रीमंत शिंदे के नेतृत्व में मामले की जांच कर रही पीआई घोडके, एपीआई खराड़े और पीएसआई सुशांतकुमार पाटील की ने हमलावर की शिनाख्त मेहबूब उर्फ लल्लू लंगड़ा (बदला हुआ नाम) के रूप में की। निर्मल नगर पुलिस ने उपलब्ध तकनीकी जानकारी और खबरियों से मिली सूचना के आधार पर आरोपी को १५ सितंबर को लखनऊ से दबोच लिया।

# वेदांता-फॉक्सकॉन डील: क्या महाराष्ट्र पाकिस्तान है?

## आदित्य ठाकरे ने फडणवीस की टिप्पणी पर किया पलटवार...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में वेदांता-फॉक्सकॉन डील को लेकर सियासी घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। देवेंद्र फडणवीस की 'क्या गुजरात पाकिस्तान है?' वाली टिप्पणी पर अब शिवसेना नेता और उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सभी लोग जानते हैं कि गुजरात पाकिस्तान नहीं है लेकिन क्या महाराष्ट्र पाकिस्तान है जो आपने प्रोजेक्ट गुजरात के नाम कर दी? महाराष्ट्र के युवाओं ने क्या गलती की है? आदित्य ठाकरे ने कहा कि डील छीनने का काम राजनीतिक दबाव में हुआ है। बता दें कि आदित्य ठाकरे ने फडणवीस की उस टिप्पणी पर पलटवार किया है जिसमें उन्होंने कहा था कि क्या गुजरात पाकिस्तान है जो वहां प्रोजेक्ट लग जाने पर आप शोर मचा रहे हैं? फडणवीस ने कहा था कि हम दोनों राज्य भाई-भाई हैं। सभी राज्यों के बीच एक स्वस्थ प्रतियोगिता है। हम जल्द ही गुजरात, कर्नाटक, सभी से आगे निकलेंगे। वेदांता -फॉक्सकॉन डील के गुजरात में स्थापित होने की घोषणा के बाद से शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने एकनाथ शिंदे-फडणवीस सरकार पर लगातार हमला बोल रहे हैं। यूनिट को पुणे के पास स्थापित होना था लेकिन वेदांता-फॉक्सकॉन ने 13 सितंबर को गुजरात सरकार के साथ एक आश्चर्यजनक कदम में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए - जिससे एक बड़ा राजनीतिक विवाद शुरू हो गया। बता दें कि भारतीय समूह वेदांता और ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी फॉक्सकॉन 1.54 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ गुजरात में देश का पहला सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करेगी। वेदांत-फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम की डिस्प्ले एफएबी विनिर्माण इकाई, सेमीकंडक्टर असेंबलिंग और टेस्टिंग इकाई राज्य के अहमदाबाद जिले में 1000 एकड़ क्षेत्रफल में स्थापित की जाएगी।

# बीजेपी विधायक की लॉजिस्टिक कंपनी से ग्राहकों की महत्वपूर्ण जानकारी चोरी, FIR दर्ज

**पवई :** पवई पुलिस उन जालसाजों की तलाश में है, जिन्होंने कथित तौर पर एक लॉजिस्टिक कंपनी से महत्वपूर्ण ग्राहक जानकारी चुराई थी, जिसमें भाजपा विधायक मिहिर कोटेचा एक निदेशक हैं. ग्रीनविच मेरिडियन लॉजिस्टिक्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों द्वारा कंपनी के सिस्टम तक अनधिकृत पहुंच प्राप्त करने और डेटा चोरी करने में कामयाब होने के बाद बुधवार को एक मामला दर्ज किया गया था. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 43 (बी) (डेटा चोरी) और 66 (कंप्यूटर से संबंधित अपराध) के तहत मामला दर्ज किया गया था. पुलिस उपायुक्त महेश्वर रेड्डी ने कहा कि मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. कोटेचा ने बताया कि उनके अलावा उनके बचपन के दोस्त भावेश ठक्कर भी कंपनी में डायरेक्टर हैं. कोटेचा ने कहा कि ''हमारी कंपनी अलग-अलग




जगहों पर सामान भेजने में शामिल है. पूरे भारत में और दुबई में हमारे 21 कार्यालय हैं.''

### कंपनी को अपने पूर्व कर्मचारियों पर शक

कंपनी के आईटी प्रबंधक धीरेंद्र श्रीवास्तव के सामने आने के बाद पुलिस शिकायत दर्ज की गई थी, जहां महत्वपूर्ण ग्राहक जानकारी लीक हो गई थी. पुलिस को दिए अपने बयान में, श्रीवास्तव ने कहा कि एक क्षेत्रीय प्रबंधक ने 9 अप्रैल, 2021 को कंपनी छोड़ दी. वह दक्षिण भारत में तीन कार्यालयों की देखरेख कर रहा था. श्रीवास्तव ने कहा कि ''क्षेत्रीय प्रबंधक के पद छोड़ने के बाद, एक प्रणाली स्थापित की गई जिसके माध्यम से उनके आधिकारिक मेल पर भेजे गए ईमेल स्वचालित रूप से ठक्कर को भेजे जाने थे...पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक ने बाद में एक फर्म शुरू की, जो रसद व्यवसाय में भी है, और एक निदेशक नामित किया गया था. 21 अप्रैल को, ग्रीनविच मेरिडियन के तमिलनाडु कार्यालय में काम करने वाले एक अन्य कार्यकारी ने पद छोड़ दिया और पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक की फर्म में शामिल हो गए.''

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने कहा कि श्रीवास्तव और ग्रीनविच मेरिडियन के निदेशकों ने दो पूर्व कर्मचारियों पर संदेह करना शुरू कर दिया, जब उन्हें एक ईमेल मिला जिसमें उन्होंने पाया कि दोनों ने दक्षिण भारत में कंपनी के 187 ग्राहकों का विवरण साझा किया था. इसके बाद श्रीवास्तव ने पवई पुलिस से संपर्क किया. कोटेचा ने कहा, 'हमें संदेह है कि हमारे दो पूर्व कर्मचारी शामिल हैं.

# सीएम एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के खेमे में फिर लगाई सेंध, 15 में से 12 स्टेट चीफ ने दिया समर्थन



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे को एक बार फिर से बड़ा झटका दिया है. सीएम शिंदे ने उद्धव ठाकरे के खेमे वाली शिवसेना में सेंधमारी कर उसके 15 में से 12 राज्यों के स्टेट यूनिट चीफ को अपने पक्ष में करने का दावा किया है. सीएम एकनाथ शिंदे के फेसबुक अकाउंट पर कल एक पोस्ट किया गया. जिसमें दावा किया गया कि बुधवार को शिवसेना की विभिन्न राज्यों के प्रमुखों ने शिंदे गुट को अपना समर्थन दिया है. शिंदे गुट को समर्थन देने वाले नेताओं में दिल्ली, मणिपुर, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, हैदराबाद, गोवा कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, त्रिपुरा समेत कुल 12 राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष शामिल हैं. उद्धव ठाकरे के लिए यह किसी बड़े झटके से कम नहीं है. उद्धव गुट के कई नेता पहले ही उनका साथ छोड़कर शिंदे गुट में शामिल हो चुके हैं. सीएम एकनाथ शिंदे के दावों की पड़ताल करने के लिए जब शिवसेना अध्यक्ष जितेश कामत से बात की और यह जानने की कोशिश की क्या वे शिंदे गुट की बैठक में शामिल हो गए हैं और क्या उन्होंने अपना समर्थन शिंदे गुट को दिया है.

# एफडीआई आवक में महाराष्ट्र शीर्ष पर, गुजरात तीसरे स्थान पर: कांग्रेस

**मुंबई :** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र अक्टूबर 2019 से इस साल जून तक राज्यों के बीच प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आवक में सबसे ऊपर है, जबकि गुजरात तीसरे स्थान पर रहा। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सचिन सावंत ने शुक्रवार को




राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के दावे पर सवाल उठाया। फडणवीस ने दावा किया था कि जब महा विकास अघाड़ी सरकार सत्ता में थी (नवंबर 2019 से जून 2022 तक), उस दौरान महाराष्ट्र एफडीआई आकर्षित करने में गुजरात से पीछे था। विपक्षी नेता ने आरोप लगाया कि वेदांत-फॉक्सकॉन की मेगा सेमीकंडक्टर परियोजना गुजरात को मिल जाए, इसके लिए राज्य सरकार ने महाराष्ट्र को पीछे करने का काम किया। सावंत ने फडणवीस पर निशाना साधते हुए पूछा, ''जब हम पहले से ही शीर्ष पर हैं, तो आप हमें आगे कैसे ले जाएंगे?'' उन्होंने ट्वीट किया कि संशोधित अनुमान के अनुसार वर्ष 2021-22 में महाराष्ट्र का राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 31,97,000 करोड़ रुपये था, जबकि गुजरात का 19,44,107 करोड़ रुपये था। इस आरोप पर फडणवीस ने पहले कहा था, ''गुजरात पाकिस्तान में नहीं है। वह हमारा भाई है। यह एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है।'' उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, पिछले दो वर्षों में हमारी स्थिति



# आईआरसीटीसी लेकर आया शानदार पैकेज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप किसी धार्मिक जगह घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो ये खबर आपके लिए ही है. आईआरसीटीसी आपके लिए एक शानदार टूर पैकेज लेकर आया है. इस टूर पैकेज से आप शिरडी के साईं धाम , शनि शिंगणापुर धाम और त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग घूमकर आ सकते हैं. आप बेहद कम पैसों में इस शानदार टूर पैकेज का फायदा उठा सकते हैं. आइए इस ऑफर के बारे में डिटेल्स में बताते हैं. आईआरसीटीसी ने इस टूर पैकेज का नाम शिव-शनि-साई यात्रा रखा है. इस टूर की विशेषता ये है कि आईआरसीटीसी इसे भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन ) से करा रहा है. इस टूर में आपको विश्व प्रसिद्ध एलोरा गुफाएं भी देखने के लिए मिलेंगी. आईआरसीटीसी का ये टूर पैकेज 5 दिन और 4 रात का होगा. टूर यात्रा के लिए नई दिल्ली से 17 अक्टूबर 2022 को भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन रवाना होगी. इस टूर के लिए आईआरसीटीसी ने 18,500 रुपये प्रति व्यक्ति किराया तय किया है. टूर के तहत आपको एसी-3 में यात्रा करने को मिलेगी. ट्रेन में बोर्डिंग और डिबोर्डिंग के लिए मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), बीना, भोपाल और इटारसी स्टेशन तय किए गए हैं. शिव-शनि-साई यात्रा के तहत आप शिरडी, शनि शिगनापुर, घृष्णेश्वर, एलोरा गुफाएं और त्रयम्बकेश्वर तक घूम पाएंगे. अगर आप इस टूर पैकेज के तहत यात्रा करना चाहते हैं, तो जल्दी ही अपनी सीट बुक कराइए. इस ट्रेन में केवल 600 सीटें हैं. इस टूर पैकेज की पूरी डिटेल आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर मिल जाएगी।

# जापानी स्टार्टअप ने डेट्रॉइट में उड़ाई बाइक



**डेट्रॉइट एजेंसी।** दुनिया में उड़ने वाली बाइक भी अब रियलिटी बनती जा रही है। अमेरिका के डेट्रॉइट ऑटो शो में फ्लाइंग बाइक एक्स टूरिज्मो नजर आई। इस होवरबाइक को जापान की स्टार्टअप कंपनी एरविन्स टेक्नोलॉजी ने बनाया। करीब 100 किमी प्रति घंटे तक की टॉप स्पीड वाली बाइक पेट्रोल पर चलती है।

**40 मिनट तक हवा में उड़ा सकेंगे:** 80 से 100 किमी प्रति घंटे की स्पीड लिमिट वाली बाइक का अभी बड़े लेवल पर प्रोडक्शन शुरू नहीं हुआ। इस बाइक को एक बार में करीब 30 से 40 मिनट तक हवा में उड़ा सकेंगे। यह बाइक रेड, ब्लू और ब्लैक कलर में अवेलेबल है। 300 किलो की बाइक उड़ने के दौरान करीब 100 किग्रा का वजन सह पाएगी।

**इस साल आएंगी 200 लिमिटेड एडिशन बाइक:** गैसोलिन-इलेक्ट्रिक होवरबाइक में कवासकी हाइब्रिड इंजन लगा है। उड़ते वक्त बाइक बहुत तेज आवाज करती है। नॉइस रिड्यूसर एड करने के बाद कंपनी ने 2022 में करीब 200 लिमिटेड एडिशन बेचने का प्लान किया है।

# बुढ़ापे में आमदनी की गारंटी! 1000 रुपये के निवेश से हर महीने मिलेगी 20 हजार की पेंशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप किसी स्कीम में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं, तो ये खबर आपके लिए ही है. आज हम आपको एक ऐसी सरकारी स्कीम के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां निवेश करते आप अपना बुढ़ापा सिक्योर कर सकते हैं. क्योंकि ये स्कीम रिटायरमेंट के बाद आपके बड़े काम आ सकती है. इस स्कीम से आपको अच्छी खासी पेंशन मिल सकती है. रिटायरमेंट के बाद भी आपकी नियमित आमदनी होती रहेगी. आइए इस खास स्कीम के बारे में बताते हैं.





हम बात कर रहे हैं नेशनल पेंशन स्कीम की. ये एक सरकारी योजना है, जो खास तौर पर बुजुर्गों को लाभ देने के लिए बनाई गई है. इस योजना में निवेश करने में कोई रिस्क भी नहीं है. ये योजना जनवरी 2004 में सरकारी कर्मचारियों के लिए शुरू की गई था. बाद में 2009 में इसे सभी कैटगरी के लोगों के लिए खोल दिया गया. इस योजना के तहत अपनी वर्किंग लाइफ में आपको लंबी अवधि तक निवेश करना होता है. इस स्कीम में आपको 40 फीसदी रकम एन्युटी में लगानी होती है. एन्युटी की रकम से ही आपको आगे चलकर पेंशन के तौर पर प्राप्त होती है.

**ऐसे मिलेगी 20 हजार रुपये पेंशन–** अगर आप इस योजना में निवेश करना चाहते हैं, तो आप इसकी शुरुआत केवल 1000 रुपये के इन्वेस्ट से कर सकते हैं. 18 से 70 साल तक के लोग इस योजना का लाभ उठा सकते हैं. अगर आप 20 साल की उम्र में 1000 रुपये महीने से इस योजना में निवेश करते हैं, तो रिटायरमेंट तक आपके पास कुल 5.4 लाख रुपये का फंड जमा हो जाएगा. इस पर 10 फीसदी रिटर्न होगा, इससे ये निवेश बढ़कर 1.05 करोड़ हो जाएगा. अगर 40 प्रतिशत कॉर्पस को साल में बदल लें, तो ये प्राइज 42.28 लाख रुपये होगा. इस हिसाब से 10 फीसदी वार्षिक दर मानकर आपको हर महीने 21,140 रुपये पेंशन मिलेगी. साथ ही आपको करीब 63.41 लाख रुपये एकमुश्त राशि मिलेगी.

# सरकार ने किया ऐलान! फ्री राशन लेने वालों को मिलेगा बड़ा फायदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आपने भी केंद्र या फिर राज्य सरकार की स्कीम के तहत फ्री राशन लिया है तो अब आपको बड़ा फायदा मिलेगा. सरकार की ओर से इस बारे में जानकारी दी गई है. अब से अंत्योदय कार्ड धारकों को फ्री राशन के साथ-साथ फ्री इलाज की भी सुविधा मिलेगी.

**सरकार चला रही है अभियान:** आपको बता दें सरकार ने फैसला किया है कि सभी अंत्योदय कार्ड धारकों के निशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे. इसके लिए बड़े लेवल पर अभियान चलाया जा रहा है.

**कई केंद्र पर मिल रही ये सुविधा:** सरकार की ओर से कई केंद्रों पर यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिसमें आप राशन कार्ड दिखाकर जन सुविधा केंद्र पर आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं. योगी सरकार ने कहा है कि अंत्योदय कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड बनाने का आदेश दे रखा है. यह अभियान जलिा स्तर पर चलाया जा रहा है.

**फ्री इलाज की मिलेगी सुविधा:** बता दें सरकार के इस फैसले के बाद में आपको अपना इलाज कराने के लिए बिल्कुल भी परेशान नहीं होना पड़ेगा. इस समय सरकार की ओर से नए आयुष्मान कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं बल्कि पहले से ही जिन लोगों का लिस्ट में नाम है उनका कार्ड बनाया जा रहा है.

**सितंबर में भी सरकार दे रही फ्री राशन:** उत्तर प्रदेश में फ्री राशन स्कीम का छटवां चरण सितंबर में शुरु हो गया है।

# मुनोथ इंडस्ट्रीज के लिथियम सेल संयंत्र में अगले महीने शुरू हो सकता है उत्पादन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मुनोथ इंडस्ट्रीज द्वारा स्थापित देश के पहले लिथियम सेल विनिर्माण संयंत्र में अगले महीने से व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने संयंत्र के भ्रमण के दौरान कहा कि भारत 2025-26 तक 300 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और निर्यात के लक्ष्य को हासिल कर सकता है।

उन्होंने कहा, ''सरकार इस आंकड़े को हासिल करने के लिए क्षेत्र में स्टार्टअप और निवेश के इच्छुक उद्यमियों को समर्थन देने के लिए सभी राज्यों के साथ भागीदारी में काम करने को प्रतिबद्ध है।''

उन्होंने कहा, ''मेरे लिए तिरुपति ईएमसी और भारत के पहले लिथियम सेल निर्माण संयंत्र में होना व्यक्तिगत रूप से खुशी की बात है। हमारा लक्ष्य 2025-26 तक 300 अरब डॉलर मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण और निर्यात के लक्ष्य को पार करना है।''

चंद्रशेखर ने कहा, ''यह आंकड़ा 25 लाख करोड़ रुपये के बराबर है, जो 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालने के समय की तुलना में 24 गुना ज्यादा है। उस समय यह आंकड़ा 1.10 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर था।'' चेन्नई की मुनोथ इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 165 करोड़ रुपये के खर्च से इस अत्याधुनिक संयंत्र की स्थापना की है।

# सरसों तेल-तिलहन, सीपीओ, बिनौला में गिरावट, सोयाबीन डीगम में सुधार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कमजोर मांग के बीच दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में शुक्रवार को सरसों तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल और बिनौला तेल कीमतों में गिरावट आई जबकि शिकॉगो एक्सचेंज के तेज रहने से सोयाबीन डीगम, पामोलीन तेल कीमतों में सुधार आया। मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन, सोयाबीन दिल्ली एवं इंदौर के भाव पूर्वस्तर पर बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रीय अवकाश होने से मलेशिया एक्सचेंज आज बंद था और यह सोमवार को खुलेगा जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में एक प्रतिशत की तेजी थी।

सूत्रों ने कहा कि बिनौला की नई फसल की मंडियों में रुक-रुक के आवक शुरू हो गयी है मगर इसके भाव सोयाबीन एवं पामोलीन से ऊंचे हैं। ऊंचे भाव पर मांग कमजोर होने से बिनौला तेल कीमतों में गिरावट आई। मांग कमजोर होने से सरसों तेल-तिलहन कीमतों में भी मामूली गिरावट देखने को मिली। मलेशिया एक्सचेंज के बंद होने से सीपीओ में कारोबार कमजोर होने से इसके तेल की कीमतों में भी गिरावट दर्ज हुई।

सूत्रों ने कहा कि सामान्य कारोबार के बीच सोयाबीन डीगम को छोड़कर सोयाबीन तेल-तिलहन कीमतें पूर्वस्तर पर रहीं जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में तेजी की वजह से सोयाबीन डीगम के दाम में सुधार आया। सस्ता होने के कारण पामोलीन की मांग निकलने से इसके भाव भी सुधार दर्शाते बंद हुए। सामान्य कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन, सोयाबीन दिल्ली एवं इंदौर तेल पूर्वस्तर पर बने रहे। सूत्रों ने कहा कि सरकार को घरेलू बाजार में तेल आपूर्ति बढ़ाने के मकसद से दो वर्ष के लिए सूरजमुखी और सोयाबीन डीगम तेल का 20-20 लाख टन प्रतिवर्ष का शुल्कमुक्त आयात करने की अनुमति देने के फैसले पर तत्काल पुनर्विचार करते हुए इसे बदलना चाहिये नहीं तो आगे जाकर इन तेलों का आयात घट जायेगा। या तो सरकार इसपर पांच प्रतिशत का आयात शुल्क फिर से वापस लागू कर दे या इसके शुल्क मुक्त आयात की सीमा खत्म कर दे, तो इन तेलों का आयात नहीं घटेगा। ऐसा करने पर हो सकता है कि उपभोक्ताओं को यह तेल 10-20 रुपये लीटर सस्ता ही मिले। सरकार ने जिस मात्रा में इसके आयात की छूट दी है, हमारी घरेलू मांग उससे कहीं अधिक की है। एक निश्चित सीमा में आयात करने से घरेलू मांग को पूरा करना मुश्किल होगा जिससे आयातक और लाभ लेने की स्थिति में हो सकते हैं। सरकार के अधिकारियों को देश के तेल- तिलहन बाजार के तौर-तरीकों, इसके अंदर दखल रखने वाले कारोबारियों के तौर-तरीकों की बारीक सूचनाओं पर नजर रखनी होगी तभी उनके कदम बाजार में अपेक्षित परिणाम देंगे। पिछले दिन सरकार ने आयात शुल्क मूल्य में कमी की थी लेकिन इसका अपेक्षित परिणाम मिलने के बजाय उलट नतीजा सामने आ रहा है।



# भारत-चीन की टिप्पणी से साफ हो गया यूक्रेन युद्ध को लेकर पूरी दुनिया फिक्रमंद : ब्लिंकन

**वाशिंगटन। (एजेंसी)।**



अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिकंन ने कहा है कि भारत और चीन के नेताओं द्वारा यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष अपनी चिंताएं प्रकट करना स्पष्ट करता है कि पूरी दुनिया यूक्रेन में रूस की आक्रामक कार्रवाई के प्रभावों को लेकर फिक्रमंद है।


उल्लेखनीय है कि समरकंद में एससीओ बैठक से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ बैठक में यूक्रेन में संघर्ष को जल्द समाप्त करने पर जोर देते हुए कहा कि आज का युग युद्ध का नहीं है। फरवरी में यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों नेताओं के बीच पहली बार आमने-सामने मुलाकात हुई है। समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन के इतर एक द्विपक्षीय बैठक में मोदी ने यूक्रेन में अस्थिरता को जल्द से जल्द समाप्त करने का आह्वान करते हुए लोकतंत्र, संवाद और कूटनीति के महत्व को रेखांकित किया।

ब्लिंकन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा आप चीन, भारत से जो सुन रहे हैं, वह यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का न केवल यूक्रेन के लोगों बल्कि पूरी धरती के लोगों और देशों पर असर को लेकर विश्व की चिंता दिखाता है। उन्होंने कहा, यह केवल यूक्रेन और उसके लोगों पर आक्रमण नहीं है बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों के सिद्धांतों पर आक्रमण है, जो शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में मदद करते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री यूक्रेन में युद्ध को लेकर चीन तथा भारत के नेताओं द्वारा सीधे पुतिन के समक्ष चिंता व्यक्त करने के एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

ब्लिंकन ने कहा हमने हाल के महीनों में खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने पर काफी ध्यान केंद्रित किया और काफी वक्त लगाया है। ये चुनौतियां रूस के आक्रमण से बहुत ज्यादा बढ़ गई हैं। हम पहले ही कोविड से ग्रस्त रहे हैं, हमने जलवायु परिवर्तन की मार झेली, जिसका खाद्य सुरक्षा पर गहरा असर पड़ा है। इस युद्ध के कारण अब हमारे 20 करोड़ से अधिक लोग खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं उन्होंने कहा, दुनियाभर के नेता यह महसूस कर रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि आप जो देख रहे हैं वह इस बात की अभिव्यक्ति है यह पूरी धरती के लोगों के हितों के खिलाफ हमला है और मुझे लगता है कि यह रूस पर युद्ध खत्म करने का दबाव बढ़ाता है।

# पाकिस्तान में चारों ओर सैलाब ही सैलाब; जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई जरूरी : शरीफ

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के नेताओं से कहा कि उनके देश में आई अभूतपूर्व बाढ़ के बाद चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भी तत्काल कार्रवाई की जरूरत बताई। शरीफ उज्बेकिस्तान के शहर समरकंद में एससीओ की राष्ट्र प्रमुखों की परिषद (सीएचएस) के शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे जहां उन्होंने पाकिस्तान में जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़ आने का उल्लेख किया। पाकिस्तान में इस वर्ष 14 जून से बाढ़ के कारण 1,500 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 12,758लोग घायल हुए हैं।

भयावह बाढ़ में लगभग एक तिहाई पाकिस्तान डूब गया है। शरीफ ने कहा, ''पाकिस्तान में आई भयावह बाढ़ का कारण निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन था। जलवायु परिवर्तन, बादल फटने और अभूतपूर्व बारिश के साथ पहाड़ों से जलधाराएं मैदानों में आने की वजह से बाढ़ आई। इन सबके के कारण पाकिस्तान समुद्र जैसा दिख रहा है। उन्होंने कहा, '' पर्यावरण की यह नाइंसाफी हमारे साथ हुई है क्योंकि तथ्य यह है कि हमारा कार्बन उत्सर्जन एक प्रतिशत से भी कम है।''

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने दुनियाभर के नेताओं से कहा, '' मैं आप सब से अपील करता हूं कि एससीओ एकजुट हो और सतत प्रयासों के जरिए इस तबाही के खिलाफ कदम उठाए।'' शरीफ ने कहा कि देश ने अपने इतिहास में जलवायु से जुड़ी इस प्रकार की तबाही का सामना कभी नहीं किया जिसने मानव जीवन, बुनियादी ढांचे, पशुधन और फसलों पर कहर बरपाया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पकिस्तान को मुसीबत से उबारने में मदद की अपील की।

# ब्रिटेन में आर्थिक संकट के बीच शाही परिवार के प्रशंसकों ने लंदन के पर्यटन की दी रफ्तार

**लंदन। (एजेंसी)।**



महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में राजशाही प्रशंसक लंदन में जमा हुए हैं। इसके चलते यहां रेस्टोरेंट और होटलों में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था इस वक्त उच्च मुद्रास्फीति और भू-राजनीतिक तनाव के कारण मंदी की कगार पर है। ऐसे वक्त में एलिजाबेथ को श्रद्धांजलि देने के लिए आने वाले लोग पर्यटन से जुड़े व्यवसायों को बढ़ावा दे रहे हैं। इन लोगों में कई सुदूर अमेरिका और भारत से आए हैं। भारत से आए कनककांत बेनेडिक्ट ने कहा, आप जानते हैं, यह ऐतिहासिक क्षण है। यह जीवन में एक बार होता है... इसलिए हम इस क्षण का हिस्सा बने। वह अपनी पत्नी के साथ आए हैं। ब्रिटेन में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली एलिजाबेथ के अंतिम संस्कार से जुड़े कार्यक्रमों पर पूरी दुनिया की नजर है। बकिंघम पैलेस के पास फूल और स्मृति चिन्ह की दुकानों पर काफी भीड़ है। उनका सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। इसबीच मध्य लंदन में होटल के कमरों की मांग बढ़ गई है और कुछ मामलों में कीमत दोगुनी हो गई है। लंदन स्थित समूह बुकिंग मंच होटल प्लानर डॉट कॉम के अनुसार 95 प्रतिशत तक कमरे भर चुके हैं। इसी तरह कुछ पर्यटकों ने बताया कि उनके खाने-पीने का खर्च 30 प्रतिशत तक बढ़ गया है।

# मुंबई हमलों के साजिशकर्ता पाक आतंकवादी साजिद मीर को चीन ने फिर काली सूची में डालने से रोका

**जिनेवा (एजेंसी)।**

ड्रैगन के मंसूबे ठीक नहीं है वह भारत के साथ दगाबाजी करने में पीछे नहीं रहता। जहां एक ओर एससीओ समिट में भारत और चीन से एक साथ मंच साझा किया। उम्मीद थी कि एशिया के दो बड़े देशों के बीच जो मौजूदा हालात हैं उनमें कुछ बदलाव आएगा लेकिन भारत की तमाम कोशिशों के बाद भी चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। एससीओ में पाकिस्तान-चीन ने मिलकर आतंकवाद का मुद्दा तो उठाया लेकिन आतंक को खत्म करने की बात पर खुद ही अमल नहीं कर रहा हैं। लंबे समय से भारत अमेरिका सहित कई देश पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी साजिद मीर को ब्लैक लिस्ट करने की मांग कर रहे थे लेकिन अब चीन ने एक बार फिर दिखा दिया है कि वह भले ही बड़े मंचों से आतंकवाद को खत्म करने की बात करता है लेकिन वास्तव में वह अपने हित के लिए आतंकियों का साथ भी दे सकता हैं। पाकिस्तान को सिर तक कर्ज देने के बाद चीन पाकिस्तान के मुद्दों पर भी जोर-शोर से बात करता हैं। वहां की पॉलिसी को देखते हुए वह यूएन में बात करता हैं। जहां सभी लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी साजिद मीर को ब्लैक लिस्ट करने की मांग कर रहे थे, वहीं चीन से इस प्रस्ताव को यूएन में अपने वीटो के जरिए रोक दिया हैं। पाक आतंकी नेताओं की चीन रक्षा कर रहा है। साजिद मीर को काली सूची में डालने के संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर रोक दिया गया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य चीन ने इस कदम पर 'रोक' लगाई है। यह संयुक्त राष्ट्र को मीर को छह महीने के लिए काली सूची में डालने से रोकता है। यह इश्यू अगले साल मार्च में ही आ सकता है। इसकी शुरुआत जैश-ए-मोहम्मद के मौलाना मसूद अजहर और उसके बाद उसके भाई अब्दुल रऊफ से हुई। न्यूयॉर्क के सूत्रों ने कहा कि चीन पाकिस्तान स्थित आतंकवादी नेताओं को सूचीबद्ध होने से बचाता है और फिर, संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्वीकृत, नवीनतम लश्कर-ए-तैयबा या लश्कर-ए-तैयबा का साजिद मीर है। साजिद मीर, एक वरिष्ठ अधिकारी, उस टीम का हिस्सा था जिसने मुंबई में 26/11 हमले की योजना बनाई थी और भारत में वांछित है। कल देर रात, संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत द्वारा समर्थित, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत मीर को ब्लैकलिस्ट करना चाहता था, जो उसकी गतिविधियों की निगरानी करेगा, उसकी संपत्ति को फ्रीज करेगा और उसे हथियार खरीदने की अनुमति नहीं देगा।

चीन ने पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी साजिद मीर को काली सूची में डालने के अमेरिका और भारत के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र में अवरुद्ध कर दिया है। चार महीनों में बीजिंग का यह तीसरा ऐसा कदम है। मीर भारत के वांछित आतंकवादियों में से एक है और 2008 के मुंबई हमलों का मुख्य साजिशकर्ता है। ऐसी जानकारी है कि बीजिंग ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति के तहत वैश्विक आतंकवादी के तौर पर मीर को काली सूची में डालने के अमेरिका के प्रस्ताव पर गुरुवार को रोक लगा दी।

# ब्रिटेन की महारानी को श्रद्धांजलि देने उमड़ा जनसैलाब, 5 मील लंबी लाइन में कतारबद्ध दिखे लोग

**लंदन (एजेंसी)।**

ब्रिटेन के शाही परिवार की शीर्ष सदस्य महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद पूरे देश में शोक का माहौल है और आमजनता अपनी महारानी को श्रद्धांजलि देने वालों की मीलों लंबी कतार देखकर ब्रिटिश सरकार ने शुक्रवार को लोगों को और लोगों को कतार में शामिल होने से रोक दिया। सरकार ने यह कदम महाराजा चार्ल्स तृतीय और उनके भाई बहन के ऐतिहासिक वेस्टमिंस्टर हॉल में पहुंचने से कुछ घंटे पहले उठाया। कतार के बारे में जानकारी देने वाले लाइव ट्रैकर ने कहा कि कतार लंबी हो चली है और अपनी क्षमता तक पहुंच चुकी है तथा लोगों को कतार का हिस्सा होने से छह घंटे के लिए 'रोक' दिया गया है, क्योंकि इंतजार की घड़ी 14 घंटे तक बढ़ गयी है और महारानी के दर्शन करने वाली शोकाकुल जनता की कतार पांच मील अर्थात आठ किलोमीटर तक लंबी हो चुकी है।

यह कतार संसद से लेकर दक्षिण लंदन स्थित साउथवार्क पार्क तक और उसके बाद पार्क के चारों ओर घुमावदार स्थिति में पहुंच चुकी है। लंदन की निवासी कैरोलीन क्विल्टी ने कहा कि वह शुक्रवार को चार बजे सुबह कतार में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि यह ऐतिहासिक क्षण है और यदि मैं इसमें शामिल नहीं होती हूं या इसका हिस्सा नहीं बनती हूं तो निश्चित तौर पर मुझे इसका पछतावा होगा।' इस बीच, चीनी अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल को कथित तौर पर संसद के उस ऐतिहासिक हॉल में जाने से रोक दिया गया था, जहां दिवंगत महारानी का ताबूत रखा है। चीन के सुदूर-पश्चिमी शिनजियांग क्षेत्र में अपने उइगर अल्पसंख्यक के साथ व्यवहार के खिलाफ बोलने के लिए बीजिंग द्वारा पिछले साल सात ब्रिटिश सांसदों को प्रतिबंधित करने बाद ब्रिटेन में चीनी राजदूत को संसद से एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष लिंडसे हॉयल के कार्यालय ने अमेरिकी समाचार की एक रिपोर्ट पर शुक्रवार को टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि चीनी प्रतिनिधिमंडल को वेस्टमिंस्टर हॉल में अनुमति नहीं दी जाएगी। बीजिंग में, चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि उन्होंने यह खबर नहीं देखी है, लेकिन महारानी के अंतिम संस्कार के मेजबान के तौर पर ब्रिटिश सरकार को 'मेहमानों की आगवानी के लिए राजनयिक प्रोटोकॉल और उचित शिष्टाचार का पालन करना चाहिए।' महारानी के सोमवार के अंतिम संस्कार में एक चीनी प्रतिनिधिमंडल के शामिल होने की संभावना है।





# MMS लीक होने के बाद वायरल हुआ अक्षरा सिंह का एक और वीडियो, अभिनेत्री को देख उड़े फैंस के होश...!



**भोजपुरी** अभिनेत्री अक्षरा सिंह इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेसेस में से एक हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर चर्चा में रहने वाली अक्षरा बीते कुछ दिनों से एक एमएमएस को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। दरअसल, इस वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा था कि इसमें नजर आ रही लड़की भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह हैं। हालांकि, अब इस पूरे मामले पर एक्ट्रेस ने पहले ही अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इस वीडियो को फेक बताया था। इसी बीच अब सोशल मीडिया पर अक्षरा का एक नया वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। हाल ही में यूट्यूब पर अक्षरा का एक और वीडियो सामने है। इस वीडियो को देख हर कोई हैरान है। दरअसल, सामने आए इस वीडियो में अक्षरा रोती हुई नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं वह इस वीडियो में वह फिल्म इंडस्ट्री पर नाराज होती भी नजर आ रही हैं। सामने आए इस वीडियो में अक्षरा अपने आंसुओं को पोंछते हुए इंडस्ट्री और कुछ लोगों पर भड़ास निकालती दिख रही हैं। वह कहती हैं, 'तंग करके रखा है। जो लोग मुझे पसंद करते हैं, वो पसंद करेंगे ही। चाहे मैं जहां पर भी जाऊं, जहां भी काम करूं।' एमएमएस कांड के बाद अब इस वीडियो को भी तेजी से वायरल किया जा रहा है। कुछ लोगों का मानना है कि यह वीडियो अभिनेत्री के एमएमएस लीक होने के बाद का है। हालांकि, यह सच नहीं है। दरअसल, यह वीडियो दो साल पुराना है। लेकिन इसे अब एमएमएस कांड के बाद अक्षरा की प्रतिक्रिया बता कर वायरल किया जा रहा है। भोजपुरी इंडस्ट्री में ऐसे वीडियो वायरल होने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भोजपुरी सिंगर शिल्पी राज भी एमएमएस लीक के चलते सुर्खियों में आई थीं। इससे पहले इस वीडियो कांड पर प्रतिक्रिया देते अक्षरा ने कहा कि मुझे पता नहीं कि 'इस तरह की हरकत किसने की है, लेकिन मुझे इन सारी चीजों से कोई फर्क नहीं पड़ता है।



## बबली बाउंसर में नई चीजें सीखने को मिली

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी आने वाली फिल्म बबली बाउंसर को लेकर अपना अनुभव साझा किया और बताया कि उन्होंने इस फिल्म के दौरान बहुत सारी नई चीजें सीखी हैं। बबली बाउंसर एक छोटे से शहर की रहने वाली बबली की कहानी है। मधुर भंडारकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे बबली दिल्ली में बाउंसर के रूप में अपना करियर बनाने की कोशिश कर रही है। बबली के रूप में तमन्ना का किरदार बोल्ड और बहादुर है। बुलेट चलाती है, भारी वजन उठाती है और वह सब कुछ कर सकती है जो एक आदमी कर सकता है। अपने किरदार के लिए उसने कैसे तैयारी की, इस बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने साझा किया, मैंने बुलेट चलाना सीखा, इससे पहले, मैंने स्कूटी की सवारी की थी। इसलिए, मुझे लगता है कि सबसे कठिन हिस्सा बुलेट की सवारी करना है क्योंकि यह एक बहुत भारी बाइक है, इसलिए मुझे इसके साथ सहज होने में थोड़ा समय लगा। मैंने बीटबॉक्सिंग भी सीखी और इस तरह से कई सारी अलग अलग चीजें मैंने इसके लिए सीखी। स्टार स्टूडियोज और जंगली पिक्चर्स द्वारा निर्मित, बबली बाउंसर में तमन्ना भाटिया, सौरभ शुक्ला, अभिषेक बजाज और साहिल वैद के साथ प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म का कॉन्सेप्ट, कहानी और स्क्रीनप्ले अमित जोशी, आराधना देबनाथ और मधुर भंडारकर ने किया है। बबली बाउंसर 23 सितंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

# शाहरुख खान ने ब्रह्मास्त्र के लिए जो किया है उसे चुकाने का कोई तरीका नहीं : अयान मुखर्जी

ब्रह्मास्त्र पार्ट वनः शिवा के निर्देशक अयान मुखर्जी ने अपनी इस फिल्म की सफलता के लिए शाहरुख खान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि वह उनके प्रति सदा कृतज्ञ रहेंगे।



शाहरुख ने इस फिल्म में न केवल कैमियो किया बल्कि मुखर्जी की इस अति महत्वाकांक्षी फिल्म में अपने अनुभवों का लाभ भी उन्हें प्रदान किया जो उन्होंने कई वीएफएक्स फिल्मों में काम करके प्राप्त किए हैं। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म ब्रह्मास्त्र को भले ही दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली हो, लेकिन खान की उपस्थिति इस फिल्म के मुख्य आकर्षणों में से एक है। मुखर्जी कहा कि ब्रह्मास्त्र की सफलता के लिए वे हमेशा शाहरुख खान का आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा, कभी-कभी कुछ लोग उदारता और खुले दिल से आपके लिए बहुत कुछ कर देते हैं। मुखर्जी ने यहां एक साक्षात्कार में कहा, शाहरुख खान ने ब्रह्मास्त्र के लिए जो किया है, उसका मूल चुकाने के लिए मेरे पास कोई तरीका नहीं है। सभी जानते हैं कि फिल्म में सबसे पसंदीदा चीजों में से एक शाहरुख सर की भूमिक रही है। ब्रह्मास्त्र एक डीजे शिव (रणबीर) की कहानी है जो अपनी विशेष शक्तियों की खोज में अपनी प्रेमिका ईशा (आलिया भट्ट) के साथ यात्रा पर निकलता है। वहां वह गुरुजी (अमिताभ बच्चन) के नेतृत्व में एक गोपनीय समुदाय ब्राह्मांश से अपने संबंध का पता लगाता है। शाहरुख खान ने फिल्म में मोहन भार्गव, एक वैज्ञानिक और ब्राह्मांश समुदाय के एक महत्वपूर्ण सदस्य की भूमिका निभाई है, जो प्राचीन अस्त्र के टुकड़ों में से एक की रखवाली कर रहा है। अयान ने कहा, खान ने 2011 में वीएफएक्स से भरपूर अपनी फिल्म रा.वन के अनुभव के आधार पर इस तरह की फिल्म को बनाने के उनके संघर्ष को समझा, बल्कि उनकी दृष्टि का भी समर्थन किया। मुखर्जी ने कहा, मेरा मानना है कि चूंकि खान ने पहले बहुत सारी वीएफएक्स फिल्में बनाई हैं, वह उस तरह की फिल्म बनाने के संघर्ष को जानते हैं। उन्हें पता था ये मार्ग कठिन होने वाला है। प्रोडक्शन बैनर स्टार स्टूडियोज और धर्मा प्रोडक्शंस के बैनल तले बनी इस फिल्म ब्रह्मास्त्र में अभिनेत्री मौनी रॉय और अभिनेता नागार्जुन अक्किनेनी भी हैं।

# थैंक गॉड में सिद्धार्थ-नोरा की बीच सिजलिंग केमिस्ट्री

अजय देवगन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म थैंक गॉड का गाना मनिके रिलीज हो गया है। इस गाने में नोरा फतेही और सिद्धार्थ की केमिस्ट्री कमाल की लग रही हैं। गाने में नोरा ग्लैमरस लुक में नजर आईं तो वहीं, सिद्धार्थ भी काफी हैंडसम दिख रहे हैं। वीडियो में आप देख सकते हैं कि नोरा बेहतरीन डांस मूव्स करती हुई दिखाई दीं। इस गाने में योहानी, जुबिन नौटियाल और सूर्य रगुन्नाथनी ने अपनी आवाज दी है। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म में अजय देवगन 'चित्रगुप्त' के किरदार में नजर आएंगे। वहीं सिद्धार्थ मल्होत्रा अयान के किरदार में दिखाई देंगे जो एक हादसे का शिकार हो जाते हैं और वो फिर जिंदगी और मौत से लड़ते हैं। बता दें, थैंक गॉड 25 अक्टूबर को सिनेमाघरों पर रिलीज होगी।



# वरुण शर्मा ने लगाई सोनाक्षी-जहीर के रिश्ते पर मोहर

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल के अफेयर की चर्चा पिछले काफी समय से चल रही है। हाल ही में दोनों को मुंबई के एक रेस्टोरेंट में एक साथ डिनर करते हुए स्पॉट किया गया। अब इन दोनों की एक क्यूट फोटो सामने आई है, जिसे बॉलीवुड एक्टर वरुण शर्मा ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वरुण शर्मा ने इस फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ओए होए, इसे कहते हैं ब्लॉकबस्टर जोड़ी। इसके साथ ही उन्होंने इस पोस्ट में सोनाक्षी और जहीर को टैग भी किया है। इस फोटो में सोनाक्षी और जहीर एक-दूसरे की तरफ देखते हुए स्माइल कर रहे हैं। इस पोस्ट के जरिए वरुण ने जहीर और सोनाक्षी के रिश्ते पर मोहर भी लगा दी है। जहीर और सोनाक्षी एक दूसरे को काफी लंबे समय से जानते हैं। दोनों को अक्सर एक साथ स्पॉट भी किया जाता है। कुछ समय पहले सोनाक्षी ने अपना ब्यूटी ब्रांड लॉन्च किया था, जिसके लिए कराए गए फोटोशूट में वो डायमंड रिंग फ्लॉन्ट करती नजर आई थीं। इसके बाद से ही फैंस ने दोनों की सगाई होने के कयास लगाने शुरू कर दिए थे। जहीर इकबाल ने फिल्म नोटबुक से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। वहीं सोनाक्षी ने साल 2010 में आई फिल्म दबंग से अपना करियर शुरू किया था। दोनों की पहली मुलाकात सलमान खान ने करवाई थी, जिसके बाद दोनों की दोस्ती हुई थी।








**खाने में थोड़ा बहुत नमक या फिर मिर्च मसाला तेज या कम हो जाए तो इसका जायका ही बिगड़ जाता है। कई बार घ्कुकिंग का काम भी मुश्किल लगने लगता है। ऐसे में कुछ आसान और स्मार्ट टिप्स आपके खाने को पहले से भी बेहतर बना देते हैं।**

# कुकिंग के ये टिप्स आपका काम कर देंगे आसान

रसोई का काम करना आसाम काम नहीं है। खाने में थोड़ा बहुत नमक या फिर मिर्च मसाला तेज या कम हो जाए तो इसका जायका ही बिगड़ जाता है। कई बार घर के सदस्यों की जिम्मेदारियां इतनी ज्यादा होती हैं कि कुकिंग का काम भी मुश्किल लगने लगता है। ऐसे में कुछ आसान और स्मार्ट टिप्स आपके खाने को पहले से भी बेहतर बना देते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स बता रहे हैं जो आपके बहुत काम आने वाले हैं।

- सुबह की शुरुआत परांठे से हो तो सारा दिन पेट संतुष्ट रहता है। आलू के परांठो का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है लेकिन अगर परांठे बनाने का समय नही है तो आटे में पहले से ही आलू गूंथ कर रख लें। इससे खाने का जायका बढ जाएगा।
- पकौडियां बनाते समय इसके घोल में 1 चम्मच गर्म तेल और चुटकी भर अरारोट डाल लें। इससे ये कुरकुरी बनेंगी।
- खीर बनाने के लिए चावल को हल्का सा पीस कर इस्तेमाल करें। इससे खीर गाढी बनेगी।
- भिंडी को ज्यादा समय तक ताजा रखने के लिए इसमें थोड़ा सा तेल लगाकर रख दें। इससे यह बहुत दिनों तक फ्रेश रहेगी।
- दाल को कीड़ों से बचाए रखने के लिए इसमें 1 बूंद कैस्टर ऑयल की डाल दें।
- केक को काट कर रखना है तो इसके किनारों पर ब्रेड के स्लाइस लगा दें। इससे केक सूखेगा नहीं।
- घर पर घी बनाते समय इसमें मेथी के थोड़े से दाने डाल दें। इससे घी जल्दी खराब नहीं होगा।
- पके हुए केलों को लटकाकर रखने से ये जल्दी खराब नहीं होते।
- आलू स्टोर करने है तो इनमें एक दो गांठ लहसून की रख दें। आलू जल्दी खराब नहीं होंगे।
- इमली में नमक लगाकर रखने से इसका स्वाद और रंग ज्यादा देर तक सही रहेगा।



**दोस्ती के दरमियान कब प्यार का एहसास होने लगता है, इस बात पता काफी देर बात पता चलता है। जब प्यार होता है तो हम अपने दिल की बात बताते हुए झिझकते है। हर वक्त ऐसा मौका ढूंढते है, जब हम उनके सामने शादी का प्रस्ताव रखें और उसे किसी तरह का गुस्सा भी न लगे। परन्तु बहुत सी बार हमारा प्रपोज करने का तरीका ही गलत साबित हो जाता है।**

# इन रोमांटिक अंदाज से रखें मैरिज प्रपोजल

अगर आप चाहते है कि पार्टनर अपने शादी के प्रस्ताव को आसानी से मान जाए तो आज हम आपको प्रपोज करने के कुछ आईडिया बताएंगे, जो पार्टनर का खूब पसंद आएगा और शायद भी शादी के लिए मान भी जाए।

## ख्वाबों सी हकीकत

घोड़े पर सवार राजकुमार अपनी प्रेमिका को प्यार इंजहार करता है ये कांसेप्ट पुराना हो चुका है। आप चाहे तो अच्छी महंगी लग्जरी कार किराए पर ले। फिर उस कार में बैठकर प्रेमिका के साथ ऐसी जगह पर लेकर और मौका मिलते ही उनसे अपने दिल की बात कह डालें।

## जगमगाता प्रपोजल

जगमगाते दीयों के साथ मैरिज प्रोज करना काफी अच्छा ऑप्शन है। अगर इसके लिए आपको अपने दोस्तों की भी मदद लेनी पड़े तो अच्छी बात है। अपना कैंडल लाइट डिनर उसी तरह अरेंज करें, जैसे आप हमेशा करते है। डिनर खत्म होने के बाद प्रेमिका को जगमगाते दीपकों से लिखे गए वाक्य 'मुझसे शादी करोगी' की और लेकर जाए, इससे लड़की झट से खुश हो जाएगी और हां कर देगी।

## रोमांटिक सैर

सरप्राइज तो मानो लड़कियों की पंसदीदा चीज है। अगर आप भी फ्रेंड को शादी के लिए प्रपोज कुछ अलग अंदाज में करना चाहते है तो उसे रोमांटिक सैर पर लेकर जाए। किसी खूबसूरत डेस्टीनेशन में पहुंचकर और मूड बनाकर शादी का प्रस्ताव रख डालें।

## रिंग का सरप्राइज

भले ही यह तरीका पुराना है लेकिन काफी रोमांटिक है। गर्लफ्रेंड के सामने अचानक रिंग लेकर आए और उसे शादी के लिए प्रपोज करें।

**पेरेंट्स की भूमिका निभाना कोई आसान काम नहीं है। बच्चे की सही परवरिश करते समय पेरेंट्स को कई बातों पर ध्यान रखना पड़ता है, उन्हें अपने से ज्यादा बच्चे की खुशी देखनी पड़ती है।**



# कहीं आप तो नहीं डालते बच्चे पर पढ़ाई का ऐसा दबाव?

कहते है कि बच्चे का पहला टीचर जो होता है वो पेरेंट्स ही होते हैं क्योंकि बच्चा स्कूल जाने से पहले जो कुछ भी सीखता है, वो अपने माता-पिता से ही सीखता है। ज्यादातर पेरेंट्स अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर काफी चिंतित रहते है। खासकर परिक्षा आने पर बच्चों पढ़ाई का दवाब डालने लगते है, जिसका बच्चे के दिमाग पर गलत असर पड़ने लगता है। इसलिए बच्चों से कोई भी बात करते समय समझदारी से काम लें, ताकि बच्चा उस बात को अच्छे से समझ भी जाए और उसके दिमाग पर गहरा असर भी न हो। आज हम आपको कुछ ऐसी ही बातों के बारे में बताएंगे, जो बच्चों के दिमाग पर गहरा असर करती है।

## खुद से तुलना करना


बच्चा जैसा भी है, लेकिन उसपर पढ़ाई को लेकर ज्यादा प्रैशर मत डालें। इसके अलावा उसके साथ अपनी तुलना करते हुए यह भी न कहें कि मैं तेरी उम्र में क्लॉस में सबसे प्रथम आया करता था। बच्चा इस बात को गंभीरता से लेकर अपने दिमाग से जरूर से ज्यादा जोर डाल सकता है, जिसका गलत परिणाम भी निकल सकता है। ऐसे में पेरेंट्स को समझना चाहिए कि सभी बच्चों की दिमाग एक जैसा नहीं होता।

## आने दो तुम्हारे पापा को

अक्सर मांएं बच्चों को पापा का डरावा देकर उसे पढ़ने को कहती है लेकिन पापा के नाम यह अनुशासन कई बार बच्चों को उद्दंड या फिर डरपोक बना देता हैं। बच्चों के मन में पापा के प्रति प्यार की जगह खौफ बस जाता है।

## हर समय ताना देना

बच्चों के हमेशा पढ़ाई को लेकर ताने मारते रहना, ये आदत बिल्कुल गलत है। आपके यहीं ताने बच्चों को गुस्सैल और चिड़चिड़ा बना देते है। ऐसे में बच्चों के ताने देने की बचाएं, उसके साथ प्यार से बात करें। उसका पढ़ाई में कमजोरी का कारण जानने की कोशिश करें।



# बांग्लादेश में बेचा जाता था मुंबई से चोरी हुआ स्मार्टफोन

# पुलिस ने पूरे रैकेट का किया खुलासा

**मुंबई** : मुंबई पुलिस की अपराध शाखा द्वारा पिछले महीने एक सेलफोन चोरी रैकेट के संबंध में की गई गिरफ्तारी, जिसका संबंध बांग्लादेश से है, से एक बड़ा खुलासा है. दरअसल इस मामले से पता चला है कि शहर की कूरियर कंपनियां और भारत-बांग्लादेश सीमा पर ग्रामीण कैसे चोरी किए गए सेलफोन की पड़ोसी देश में तस्करी में मदद कर रहे हैं. अगस्त के पहले हफ्ते में क्राइम ब्रांच ने 10 लोगों को गिरफ्तार किया था और 22 लाख रुपये के 135 चोरी हुए सेलफोन बरामद किए थे. उनके बयान के आधार पर, तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें नवीनतम एक ग्रामीण है जो सीमा के करीब त्रिपुरा में रहता है.



## इस तरह से काम करता है रैकेट...!

पुलिस ने कहा कि उस व्यक्ति ने इस बात का खुलासा किया कि चोरी किए गए सेलफोन की बांग्लादेश में तस्करी कैसे की जाती है. एक अधिकारी ने कहा कि उन्होंने पाया है कि एक बार मुंबई से सेलफोन चोरी हो जाने के बाद, उनकी तस्वीरें और विवरण एक व्हाट्सएप ग्रुप पर अपलोड किए जाते हैं जिसमें बांग्लादेश और कभी-कभी नेपाल के लोग होते हैं. जिस चोरी के फोन में दिलचस्पी है, उसे बांग्लादेश के लिए बने बक्सों में चुना और पैक किया जाता है.

## कूरियर कंपनी बांग्लादेश के से लगे राज्यों में भेजती भी ऑॅर्डर

अधिकारी ने कहा कि ''बक्से फिर दक्षिण मुंबई स्थित एक कूरियर कंपनी को भेजे जाते हैं, जिसमें अगरतला, त्रिपुरा, पता होता है. आरोपी अगरतला में ऑॅर्डर लेते थे और झरझरा भारत-बांग्लादेश सीमा से गुजरते थे, जो जंगलों से आच्छादित है.'' उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से तीन लोगों की पहचान की गई है, जिनका काम चोरी के इन फोन को इकट्ठा करना और उन्हें अपने देश में बेचना है.'' बकौल द इंडियन एक्सप्रेस, अपराधी सेलफोन को भारत के बाहर बेचते हैं ताकि उन्हें सेलफोन के IMएकनंबर को मिटाने के लिए पैसे खर्च करने की आवश्यकता न हो, जिसके आधार पर उन्हें पुलिस द्वारा ट्रेस किया जा सके. अधिकारी ने कहा कि एक बार जब फोन दूसरे देश में चला जाता है, तो कानूनी एजेंसियों के लिए IM एक नंबर का अधिक उपयोग नहीं होता है.'' अधिकारी ने बताया कि अब तक उन्होंने एक करोड़ के चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं. ''जबकि हमने मॉड्यूल के हिस्से के रूप में तीन बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की है, हमें बांग्लादेशी अधिकारियों को देने के लिए पर्याप्त सबूत इकट्ठा करने की आवश्यकता होगी ताकि वे इन व्यक्तियों के खिलाफ कुछ कार्रवाई कर सकें. हम कानूनी राय ले रहे हैं कि हम इन लोगों के खिलाफ कैसे कार्रवाई कर सकते हैं.''

# कल्याण में दो चेन स्नैचर गिरफ्तार, चोरी की तीन बाइक भी जप्त !

**कल्याण:** कुछ दिन पहले कल्याण में एक महिला के जेवर चुराकर चोर फरार हो गए थे, लेकिन उन्हें सीसीटीवी में कैद होने की जानकारी नहीं हुई। पुलिस सीसीटीवी की मदद से इन चोरों की तलाश कर रही थी। जैसे ही पुलिस को सूचना मिली कि दोनों बाइक पर जा रहे हैं, पुलिस ने जाल बिछाकर उन्हें पकड़ लिया। चोरों के नाम आदेश बंसोड़े और अमित पाल हैं। उसके पास से चोरी की तीन बाइक और पांच मोबाइल फोन पुलिस ने जब्त किए है। कल्याण पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले कल्याण पूर्व के विजय नगर इलाके में दो चोरों ने एक महिला की चेन और जेवर चुरा लिए और बाइक लेकर फरार हो गए। कोलसेवाड़ी थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेंद्र देशमुख के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारियों



हरिदास बोचरे और दिनकर केदारे की टीम ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने की 47 सीसीटीवी की जांच पुलिस ने करीब 47 सीसीटीवी की जांच की। कुछ सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवक बाइक सवार दिखाई दे रहे हैं। महिला और कुछ नागरिकों ने बताया कि यह चोरों की बाइक है। पुलिस ने जांच तेज की और मुखबिरों के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि कल्याण पूर्व के नंदीवली इलाके में उसी बाइक पर दो युवक यात्रा कर रहे है। पुलिस ने जाल बिछाकर दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया और पुलिस अब यह जांच कर रही है कि ये गिरफ्तार चोर और कितनी चोरी में शामिल थे।

# बारिश के बाद पानी छोड़ने के लिए बांध के सभी 27 फाटक खोले गए



**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के औरंगाबाद स्थित जायकवाड़ी बांध के सभी 27 फाटक पानी को निकालने के लिए खोल दिए गए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कदम आसपास के इलाकों में भारी बारिश की वजह से बांध में अधिक पानी जमा होने के मद्देनजर उठाया गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारी ने बताया कि जायकवाड़ी से औरंगाबाद, जालना और आसपास के इलाकों में जलापूर्ति की जाती है और अब इसमें पानी की मात्रा एक लाख घन फुट प्रति सेकंड (क्यूसेक) तक पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि बांध के ऊपरी इलाकों में लगातार हो रही बारिश और बांध में पानी आने की वजह से सभी 27 फाटक खोले गए हैं। सिंचाई विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, बांध अपनी भंडारण क्षमता का 96.86 प्रतिशत भर चुका है और पानी आने की दर 93,771 क्यूसेक है। विभाग ने बताया कि इसलिए सही स्तर बनाए रखने के लिए 1,08,968 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक से नौ नंबर के गेट साढ़े तीन फुट और 10 से 27 नंबर गेट चार फुट खोले गए हैं।

# महाराष्ट्र में मौत की सड़क से छुटकारा चाहिए!

## नितिन गडकरी को 8 हजार स्टूडेंट्स ने लिखा भावुक पत्र

**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के यवतमाल-अमरावती की सड़क आजकल गड्ढों से भरी हुई है। राहगीरों को समझ में आता कि सड़क में गड्ढे हैं या फिर गड्ढे में सड़क बनी हुई है। इसी सड़क से आसपास के 34 स्कूलों के आठ हजार स्कूली छात्र- छात्राएं भी रोज गुजरते हैं। इन स्टूडेंट्स का कहना है कि जब हम इस सड़क से गुजरते हैं, तब ऐसा लगता है कि हम यमराज के दरवाजे पर जा रहे हैं। हमेशा यह डर बना रहता है कि सड़क पर होने वाले एक्सीडेंट में अगला नंबर हमारा तो नहीं है। रोज-रोज की तकलीफ से परेशान होकर इन स्कूलों के आठ हजार स्टूडेंट्स ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को भावुक पत्र लिखे हैं। स्टूडेंट्स ने मंत्री महोदय से इस सड़क को दुरुस्त करवाने की मांग की है।

**मौत का रास्ता बनी सड़क**

तीन राज्यों को जोड़ने वाले यवतमाल- अमरावती हाईवे को



फिलहाल मौत का रास्ता भी पुकारा जाने लगा है। उत्तर और दक्षिण कॉरिडोर को जोड़ने के उद्देश्य से महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश राज्य की सीमा पर अमरावती जिले में धामणी तहसील के भोकरबारड़ी गाँव से हरिसाल, सिमाडोह, परतवाड़ा, अमरावती, बडनेरा, नांदगांव खंडेश्वर, नेर, यवतमाल, उमरी से लेकर पांडवकवधा तहसील के करंजी तक यह नेशनल हाईवे प्रस्तावित था। हालांकि, राजनीतिक उदासीनता के चलते अभी तक यह पूरा नहीं हो पाया है। सड़क पर होने वाली रोज-रोज की तकलीफ से तंग आकर दोनों जिलों के 34 स्कूलों में पढ़ने वाले आठ हजार स्टूडेंट्स ने नितिन गडकरी के नागपुर के सावरकर नगर स्थित उनके कार्यालय के पते पर यह पत्र भेजे हैं। जिसमें इन बच्चों ने अपनी परशानी का जिक्र किया है।

**सड़क दुर्घटना में कई स्टूडेंट्स की मौत**

इस रास्ते पर सड़क दुर्घटना में कई स्टूडेंट्स अपनी जान गंवा चुके हैं। बच्चों ने नितिन गडकरी से पूछा है कि कहीं अगला नंबर हमारा तो नहीं हैं। इन स्टूडेंट्स के मन में सिर्फ यही बात है कि जो मंत्री देश के हाईवे की शक्ल सुधार सकता है। वह हमारी भी तकलीफ को दूर कर सकता है। इसके लिए स्टूडेंट्स ने गडकरी को लेटर लिखा है। बच्चों को इस मुहीम में जोड़ने के लिए स्थानीय सामाजिक कार्यकताओं ने काफी प्रयास किया है।

# महाराष्ट्र एटीएस ने झारखंड के कुख्यात माओवादी को पकड़ा, सिर पर था 15 लाख रुपए का इनाम




**झारखंड** : झारखंड के 15 लाख रुपये के इनामी माओवादी को महाराष्ट्र के आतंकवादी रोधी दस्ते (एटीएस) ने रविवार को पालघर जिले से पकड़ लिया। एटीएस के एक अधिकारी ने बताया कि कारु हुलास यादव (45) झारखंड में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की क्षेत्रीय समिति का सदस्य है। उन्होंने बताया कि एटीएस ने तड़के एक अभियान के तहत पालघर जिले के नालासोपारा इलाके में एक चॉल पर छापा मारा और उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने कहा कि झारखंड के हजारीबाग का निवासी यादव इलाज के लिए महाराष्ट्र आया था। उन्होंने बताया कि झारखंड पुलिस को इसके बारे में सूचना दे दी गई है तथा आगे की जांच जारी है।


मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com